NBT PAGE 2

एलयू में 9 पीजी कोर्सों की काउंसलिंग शुरू

चॉइस फिलिंग प्रक्रिया के बाद ही सीट आवंटन

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी की पीजी दाखिला प्रक्रिया के तहत शनिवार से नौ कोर्सों की काउंसलिंग शुरू हो गई। इनमें एजुकेशन, अंग्रेजी, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, सोशियॉलजी, एलएलबी, एमकॉम (कॉमर्स), वनस्पति विज्ञान और माइक्रो बायॉलजी विषय शामिल हैं। ऐडमीशन को-ऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि काउंसलिंग में उन्ही अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है, जिनका नाम और रैंक कंपलीट मेरिट लिस्ट में है। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लॉगिन से पंजीकरण करना है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने हैं। विकल्प लॉक करने के बाद कोई बदलाव न हो पाएगा। वहीं चॉइस फिलिंग प्रक्रिया के बाद ही सीट आवंटन की जाएगी।

अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लॉगिन से पंजीकरण करना होगा

ओएनजीसी एलयू में कराएगा प्लेसमेंट ड्राइव

■ एनबीटी, लखनऊ : भारत की तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) जल्द ही लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव कराएगी। ऐसा पहली बार होगा जब भारत की सबसे बड़ी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कंपनी अपने यहां काम करने के लिए छात्र-छात्राओं की तलाश करेगी। एलयू के भूविज्ञान विभाग में शनिवार को हुए समारोह में स्वयं ओएनजीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने इसका ऐलान किया। एलयू के पूर्व छात्र रहे राजेश कुमार ने 1983 में एलयू के भूविज्ञान से एमएससी पास किया था। इस बीच उन्होंने कहा कि छात्र खुद को कुशल बनाने के लिए आगे बढ़ें। चुनौतियों से नहीं डरना चाहिए और अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए ईमानदारी से प्रयास करना जारी रखना चाहिए। इस दौरान एलयू के भूविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय मिश्रा के अलावा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए इंटरव्यू शेड्यूल जारी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी में पार्ट टाइम पीएचडी प्रोग्राम सत्र 2021-22 ऐडमिशन प्रक्रिया के तहत रिसर्च प्लान और राइटअप के अलावा इंटरव्यू की तारीखें तय हो गई हैं। आर्ट्स, कॉमर्स, लॉ और साइंस फैकेल्टी में 12 विषय में दाखिला प्रक्रिया चलेगी।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय आवेदन फॉर्म की कॉपी, सभी मूल प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी सभी मूल प्रमाणपत्र, हाई स्कूल से लेकर पीजी तक के सभी अंकपत्र और प्रमाणपत्र, रिसर्च प्रपोजल की कॉपी, रिसर्च प्रपोजल की पीपीटी प्रेजेंटेशन और सभी प्रमाणपत्रों की फोटो कॉपी भी साथ लानी होगी।

कब क्या?

साइकोलॉजी का 12 अक्टूबर, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का 10 अक्टूबर, सोशल वर्क का 10 अक्टूबर, वेस्टर्न हिस्ट्री का 11 अक्टूबर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स का 15 अक्टूबर, कॉमर्स का 14 अक्टूबर, लॉ का 16 अक्टूबर, वनस्पति विज्ञान का 20 अक्टूबर, जियोलॉजी का 10 अक्टूबर, भौतिकी का 13 अक्टूबर और अंग्रेजी का 20 अक्टूबर को रिसर्च प्लान व राइट अप डाक्युमेंट वेरिफिकेशन व इंटरव्यू होगा।

फुल टाइम पीएचडी का इंटरव्यू कल से

एलयू में फुल टाइम पीएचडी के लिए साक्षात्कार की रिपोर्टिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 37 विषयों में आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स व लॉ शामिल हैं। 10 से 17 अक्टूबर तक यह प्रक्रिया चलेगी। उम्मीदवारों के सीरियल नंबर के अनुसार पूरा शेड्यूल एलयू की वेबसाइट पर है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीएचडी में प्रवेश के लिए इंटरव्यू कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया विभागवार कार्यक्रम, 19 अक्तूबर तक चलेंगे साक्षात्कार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी की 1294 सीटों पर प्रवेश के लिए इंटरव्यू 10 से 19 अक्तूबर के बीच होंगे। विवि प्रशासन ने विभागवार कार्यक्रम जारी कर दिया है। कुछ विभागों में यह प्रक्रिया एक दिन तो कुछ में चार दिन तक चलेगी। इंटरव्यू 30 अंकों का होगा। पूर्व में हुई लिखित परीक्षा 70 अंक की थी। इस तरह 100 अंकों में मेरिट तैयार की जाएगी।

विवि की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्राचीन भारतीय इतिहास व आर्कियोलॉजी का इंटरव्यू 12 व 13 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से, एंथ्रोपोलॉजी का 14 को, अर्थशास्त्र का 14-15 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से, अंग्रेजी का 17 से 19 अक्तूबर तक, फ्रेंच का 15 अक्तूबर, जियोग्राफी का 17 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से, हिंदी का 14 अक्तूबर, होम साइंस का 15 अक्तूबर और पत्रकारिता एवं जनसंपर्क का 10 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से विभाग में होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि लिंग्विस्टिक का 12 अक्तूबर को सुबह 11:30 बजे से, पर्शियन का 13 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से, फिलॉसॉफी का 12 अक्तूबर, फिजिकल एजुकेशन का 14 अक्तूबर को सुबह नौ बजे से, साइकोलॉजी का 11 अक्तूबर, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का 17-18 अक्तूबर, सोशल वर्क 10 अक्तूबर, सोशियोलॉजी का 11 से 13 अक्तूबर तक, उर्दू का 13 अक्तूबर, वेस्टर्न हिस्ट्री का 15 अक्तूबर और अप्लाइड इकनॉमिक्स का 14 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से होगा।

वहीं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का 13 अक्तूबर को सुबह नौ बजे से, कॉमर्स का 10 से 13 अक्तूबर तक सुबह नौ बजे से, एजुकेशन का 14 से 17 अक्तूबर तक सुबह 9:30 बजे से, लॉ का 10 से 15 अक्तूबर तक, बायोकेमिस्ट्री का 13 अक्तूबर को, बॉटनी का 18-19 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से, केमिस्ट्री का 12 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से, जियोलॉजी का 10 अक्तूबर को, मैथ्स का 14 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से, फिजिक्स का 12 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से, स्टेटिस्टिक्स का 12 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से विभाग में इंटरव्यू होगा। जुलॉजी का 14-15 अक्तूबर को सुबह 10:30 बजे से, ओरिएंटल संस्कृत का 15 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से, राजनीति विज्ञान का 15 से 19 अक्तूबर तक सुबह 9:30 बजे से, डिफेंस स्टडीज का 15 अक्तूबर, मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास का 11 से 14 अक्तूबर तक और संस्कृत का 17 अक्तूबर को सुबह नौ बजे से विभाग में इंटरव्यू होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन फॉर्म का प्रिंट आउट, ओरिजनल डॉक्यूमेंट, रिसर्च, कार्य अनुभव आदि लेकर रिपोर्ट करना होगा। अभ्यर्थियों को 10-12 स्लाइड की पीपीटी भी तैयार कर हार्डकॉपी के साथ ले जाना होगा।

पार्ट टाइम पीएचडी के लिए भी कार्यक्रम जारी

विवि प्रशासन ने पार्ट टाइम पीएचडी के लिखित परीक्षा व इंटरव्यू का भी कार्यक्रम जारी किया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार, अंग्रेजी, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, वेस्टर्न हिस्ट्री, अप्लाइड इकनॉमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, कॉमर्स, लॉ, बॉटनी, जियोलॉजी, फिजिक्स का लिखित टेस्ट व इंटरव्यू 10 से 20 अक्तूबर के बीच होगा। लिखित परीक्षा 70 नंबर व इंटरव्यू 30 अंक का होगा।

लविवि में पीजी की च्वॉइस फिलिंग शुरू, 11 तक मौका

पहले चरण में आठ विषयों से हुई शुरुआत

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। स्नातक प्रवेश प्रक्रिया आखिरी चरण में पहुंचने के साथ ही लखनऊ विवि प्रशासन ने शनिवार से परास्नातक कोर्सों की च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी। पहले चरण में आठ कोर्सों की च्वॉइस फिलिंग शुरू हुई जो 11 अक्तूबर तक चलेगी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एजुकेशन, अंग्रेजी, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, सोशियोलॉजी, एलएलबी, एमकॉम व बॉटनी/माइक्रोबायोलॉजी विषय की च्वॉइस फिलिंग शुरू की गई है। इनकी काउंसिलिंग 11 नवंबर तक चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जिनका नाम कंपलीट मेरिट लिस्ट में है। उनको अपनी प्राथमिकता के अनुसार विवि व महाविद्यालय का विकल्प भरना होगा। अभ्यर्थियों को अपने लॉगिन का प्रयोग कर पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। इसके लिए पंजीकरण शुल्क 200 रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे। अभ्यर्थी कई बार अपना विकल्प बदल भी सकते हैं किंतु विकल्प लॉक करने के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इसके बाद सीट आवंटन होगा जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के लॉगिन पर मिलेगी। सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन मोड से ही सीट कंफर्मेशन/अपग्रेडशन फीस भी जमा करनी होगी।

पीजी कोर्सों में डॉक्यूमेंट का हुआ वेरीफिकेशन

लखनऊ। पीजी प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में शनिवार को आधा दर्जन से अधिक विषयों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन हुआ। यह वे विषय हैं जिनमें सीटों के सापेक्ष कम अभ्यर्थी थे, इसलिए इनकी च्वॉइस फिलिंग न कराकर सीधे डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराया जा रहा है। इसके तहत अरब कल्चर, अरेबिक, कंपोजिट व वेस्टर्न हिस्ट्री, ज्योतिर्विज्ञान, मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फिलॉसफी, रिन्युबेबल एनर्जी, उर्दू, एमए-एमएससी इन योगा विषयों का उनके विभागों में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू में परास्नातक की प्रवेश काउंसलिंग शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत विभिन्न विषयों की काउसंलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह 11 अक्तूबर तक चलेगी। जिन विषयों की काउंसलिंग हो रही है उनमें एजुकेशन, इंग्लिश, होम साइंस, जर्नलिज्म एवं मासकॉम, सोशियोलॉजी, एलएलबी, बॉटनी-माइक्रोबायोलॉजी हैं। काउंसलिंग में उन्ही को अनुमति है जिनका नाम और रैंक कम्पलीट मेरिट में है।

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषयवार साक्षात्कार, प्रपत्रों की जांच की तारीख तय की

पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार कल से

दाखिले

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी 2020-21 में प्रवेश की परीक्षा का परिणाम पहले ही जारी कर दिया था। शनिवार को विश्वविद्यालय ने पीएचडी पार्ट टाइम एवं फुल टाइम में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साक्षात्कार और प्रपत्रों की जांच का कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम में विषयवार साक्षात्कार, प्रपत्रों की जांच तारीख और समय निर्धारित किया गया है। यह पूरी जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

साक्षात्कार के समय विद्यार्थियों के पास आवेदन फॉर्म की कॉपी, सभी मूल प्रमाणपत्र, आरक्षण सम्बन्धी सभी मूल प्रमाणपत्र, हाई स्कूल से लेकर प्रस्नातक तक के सभी अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, रिसर्च प्रपोजल की कॉपी, रिसर्च प्रपोजल का पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं सभी प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति (2 सेट) लानी आवश्यक है। सभी छात्रों के लिए समय से पहुंचना अवश्य है।

10 को जियोलॉजी, सोशल वर्क, पब्लिक एडमिन. की परीक्षा | **13** को एशिएंट इण्डियन हिस्ट्री समेत अन्य परीक्षाएं होंगी | **19** अक्तूबर को होगा इन परीक्षाओं का समापन

साक्षात्कार का कार्यक्रम

पार्ट टाइम

10 अक्तूबर : जियोलॉजी, सोशल वर्क, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
11 अक्तूबर : वेस्टर्न हिस्ट्री
12 अक्तूबर : साइकोलॉजी
13 अक्तूबर फिजिक्स
14 अक्तूबर बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एवं कॉमर्स
15 अक्तूबर : एप्लाइड इकोनॉमिक्स
16 अक्तूबर : लॉ
20 अक्तूबर : इंग्लिश एवं बॉटनी

फुल टाइम

12 अक्तूबर : एशिएंट इण्डियन हिस्ट्री (क्रमांक 1-27), लिंग्विस्टिक, फिलासफी, सोशिओलॉजी (क्रमांक 51-100), कॉमर्स (क्रमांक 51-100), लॉ (क्रमांक 161-200), केमिस्ट्री, फिजिक्स, सांख्यिकी, मेडिव एण्ड मार्डन हिस्ट्री 31-60)
13 अक्तूबर : एशिएंट इण्डियन हिस्ट्री (क्रमांक 28-54), परशियन, सोशिओलॉजी (क्रमांक 101-159), उर्दू, बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन, कॉमर्स (क्रमांक 101-126), लॉ (क्रमांक 241-320), बायोकेमिस्ट्री, मेडिवल एण्ड मार्डन हिस्ट्री (क्रमांक 61-80)
14 अक्तूबर : एंथ्रोपोलॉजी, इकोनॉमिक्स (क्रमांक 1-37), हिन्दी, फिजिकल एजुकेशन, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एजुकेशन (क्रमांक 1-120), गणित, मडेविल एण्ड मार्डन हिस्ट्री (क्रमांक 91-116)
15 अक्तूबर : पालिटिकल साइंस (क्रमांक 1-20), ओरिएंट साइंस, जूलॉजी (क्रमांक 15-28), पालिटिकल साइंस (क्रमांक 1-20),

02 स्वप्रमाणित छायाप्रति लानी है प्रमाणपत्रों की

डिफेंस स्टडीज
17 अक्तूबर : इंग्लिश (क्रमांक 1-50), जियोग्रफी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (क्रमांक 1-26), एजुकेशन (क्रमांक 241-342), पालिटिकल साइंस (क्रमांक 21-40), संस्कत
18 अक्तूबर : पालिटिकल साइंस (क्रमांक 41-60), बॉटनी (क्रमांक 1-14), पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (क्रमांक 27-53), इंग्लिश (क्रमांक 51-100)
19 अक्तूबर : इंग्लिश (क्रमांक 101-150), बॉटनी (क्रमांक 15-28) पालिटिकल साइंस (क्रमांक 61-85)

i-NEXT PAGE IV

छह कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को छह कोर्सों के नियमित एवं बैक पेपर के परिणाम जारी कर दिए. इसमें बीए आनर्स साइकोलाजी छठा सेमेस्टर, बीएससी आनर्स एप्लीकल्चर प्रथम सेमेस्टर, शास्त्री तृतीय सेमेस्टर, एमटीटीएम टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट चौथा एवं एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर शामिल हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परिणाम देख सकते हैं.

पीजी में दाखिले के लिए अभिलेखों की जांच

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के नौ परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन शनिवार को हुआ. सुबह 10 बजे से अभ्यर्थी संबंधित विभागों में अभिलेखों के साथ पहुंचने लगे. सत्यापन के लिए शिक्षकों की टीम भी मौके पर मौजूद रही. अरेबिक, एमए-एमससी योग, अरब कल्चर सहित अन्य विभागों में प्रवेश के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों ने प्रमाण पत्र चेक करवाकर प्रक्रिया पूरी कराई. न्यूनतम योग्यता पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया.

आठ विषयों में 11 तक विकल्प भरने का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आठ कोर्सों में काउंसिलिंग की प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई. एजुकेशन, अंग्रेजी, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, सोशियोलाजी, एलएलबी, एमकाम, बाटनी/ माइक्रोबायोलाजी विषय की सम्पूर्ण मेरिट लिस्ट में जिनका नाम है, उन्हें 11 अक्टूबर तक अपनी प्राथमिकता के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का विकल्प भर सकते हैं. अभ्यर्थियों को सबसे पहले पूर्व में दिए गए लागिन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा. इसके लिए 200 रुपये आनलाइन शुल्क भी जमा होगा.

JAGRAN CITY PAGE III

पीएचडी में प्रवेश के लिए इंटरव्यू कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम फुलटाइम के 37 व पार्ट टाइम के 12 विषयों में प्रवेश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को सत्र 2021-22 के फुलटाइम और पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए अर्ह अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की तिथि व समय का कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया। इंटरव्यू 10 अक्टूबर से शुरू होंगे। फुलटाइम के 37 और पार्ट टाइम के 12 विषयों में प्रवेश होंगे। लवि ने पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को आयोजित की थी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि फुलटाइम पीएचडी के इंटरव्यू 10 से 19 अक्टूबर तक और पार्ट टाइम पीएचडी के इंटरव्यू 10 से 20 अक्टूबर तक होंगे। अभ्यर्थियों को निश्चित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग में उपस्थित होकर इंटरव्यू में शामिल होने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विषयों में अधिक अभ्यर्थी हैं, उन्हें सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग तिथि पर बुलाया गया है।

ये अभिलेख लाना जरूरी : आवेदन फार्म की कापी, सभी मूल प्रमाणपत्र, आरक्षण संबंधी सभी मूल प्रमाणपत्र, हाईस्कूल से लेकर परास्नातक तक के सभी अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, रिसर्च प्रपोजल की कापी, रिसर्च प्रपोजल की पीपीटी प्रेजेंटेशन, सभी प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति (2 सेट)।

पार्ट टाइम पीएचडी के लिए इंटरव्यू की तिथि : सोशल वर्क : 10 अक्टूबर दोपहर दो बजे, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 10 अक्टूबर सुबह 11 बजे, वेस्टर्न हिस्ट्री 11 अक्टूबर सुबह 11 बजे, साइकोलाजी 12 अक्टूबर सुबह 10 बजे, फिजिक्स 13 अक्टूबर सुबह नौ बजे, कामर्स और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन 14 अक्टूबर सुबह 10 बजे, एप्लाइड इकोनामिक्स 15 अक्टूबर सुबह 10 बजे, 16 अक्टूबर ला दोपहर एक बजे, अंग्रेजी: 20 अक्टूबर, सुबह 10 बजे।

फुल टाइम पीएचडी के लिए साक्षात्कार की तिथि : 10 अक्टूबर-जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, 10 अक्टूबर-सोशलवर्क, 10 से 13 अक्टूबर-कामर्स, 10 से 15 अक्टूबर-ला, 10 अक्टूबर-जियोलाजी, 11 से 13 अक्टूबर- सोशियोलाजी, 11 अक्टूबर-साइकोलाजी, 11 से 14 अक्टूबर-मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, 12-13 अक्टूबर-एआइएच एंड आर्कियोलाजी, 12 अक्टूबर-लिंग्विस्टिक्स, फिलासफी, 12 अक्टूबर-केमिस्ट्री, फिजिक्स, स्टैटिस्टिक्स, 13 अक्टूबर-पर्शियन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, 14 से 17 अक्टूबर-एजुकेशन, 14 अक्टूबर-एंथ्रोपोलाजी, 14 से 15 अक्टूबर-इकोनामिक्स, 17 से 19 अक्टूबर-अंग्रेजी, 15 अक्टूबर-फ्रेंच, 17 अक्टूबर-जाग्रफी, 14 अक्टूबर-हिन्दी, 15 अक्टूबर- होम साइंस, 14 अक्टूबर-फिजिकल एजुकेशन, 17-18 अक्टूबर-पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 13 अक्टूबर-उर्दू, 15 अक्टूबर-वेस्टर्न हिस्ट्री, 14 अक्टूबर-एप्लाइड इकोनामिक्स, 14 से 17 अक्टूबर-एजुकेशन, 13 अक्टूबर-बायोकेमिस्ट्री, 18-19 अक्टूबर-बाटनी, 14 अक्टूबर-मैथमेटिक्स, 14-15 अक्टूबर-जूलाजी, 15 से 19 अक्टूबर-पालिटिकल साइंस, 15 अक्टूबर-ओरियंटल संस्कृत, डिफेंस स्टडीज, 17 अक्टूबर-संस्कृत।

पीजी के आठ विषयों में 11 तक विकल्प भरने का मौका : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आठ कोर्सों में काउंसिलिंग की प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। 11 अक्टूबर तक अपनी प्राथमिकता के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का विकल्प भर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सबसे पहले पूर्व में दिए गए लागिन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा। इसके लिए 200 रुपये आनलाइन शुल्क भी जमा होगा।

स्नातक में एक सीट पर 22 से अधिक दावेदार

जागरण संवाददाता, लखनऊ : बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई। रजिस्ट्रेशन के अनुसार स्नातक की एक सीट पर 22 से अधिक अभ्यर्थी दावेदार हैं। स्नातक में सर्वाधिक बीए के लिए पंजीयन हुआ है।

बीबीएयू में प्रवेश के लिए शुरू में तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें से स्नातक में 1,095 सीटों पर 24,716 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराया है। अब इनकी सीयूईटी के स्कोर के आधार पर मेरिट तैयार की जाएगी। फिर प्रवेश के लिए आनलाइन चालान जारी होगा। मेरिट में आए अभ्यर्थी आनलाइन ही शुल्क जमा कर प्रोविजनल प्रवेश लेंगे। कक्षाएं शुरू होने के बाद उनके शैक्षिक प्रमाणपत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। तब प्रवेश कन्फर्म माने जाएंगे।

स्नातक के कुछ कोर्स में रजिस्ट्रेशन

कोर्स	रजिस्ट्रेशन
बीए आनर्स पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन	1434
बीएससी फूड साइंस	1070
बीएससी आइटी	1401
बीए वैकल्पिक विषय	4724
बीबीए	2812
बीकाम	1244
बीकाम आनर्स	3252
बीसीए सेटेलाइट सेंटर अमेठी	1512
बैचलर आफ साइंस	2583
बीएससी आनर्स	934
बैचरल आफ योकेशन	248
बीबीए एलएलबी आनर्स	1778
बीएससी एमएससी बेसिक साइंस	1029

i-NEXT PAGE IV

एलयू में कल से पीएचडी में एडमिशन के लिए इंटरव्यू

LUCKNOW(8 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को सत्र 2021-22 के फुलटाइम और पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए अर्ह अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की तिथि व समय का कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया. इंटरव्यू 10 अक्टूबर से शुरू होंगे. फुलटाइम के 37 और पार्ट टाइम के 12 विषयों में प्रवेश होंगे.

iSPECIAL

● जिन विषयों में अधिक अभ्यर्थी हैं, उन्हें सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग तिथि पर बुलाया गया है. इस तिथि पर अभ्यर्थियों को आना होगा.

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

20 अक्टूबर तक होंगे इंटरव्यू

एलयू ने पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को आयोजित की थी. विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि फुलटाइम पीएचडी के इंटरव्यू 10 से 19 अक्टूबर तक और पार्ट टाइम पीएचडी के इंटरव्यू 10 से 20 अक्टूबर तक होंगे. अभ्यर्थियों को निश्चित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग में उपस्थित होकर इंटरव्यू में शामिल होने के निर्देश जारी किए गए हैं. उन्होंने बताया कि जिन विषयों में अधिक अभ्यर्थी हैं, उन्हें सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग तिथि पर बुलाया गया है.

ये अभिलेख लाना जरूरी

आवेदन फार्म की कापी, सभी मूल प्रमाणपत्र, आरक्षण संबंधी सभी मूल प्रमाणपत्र, हाईस्कूल से लेकर परास्नातक तक के सभी अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, रिसर्च प्रपोजल की कापी, रिसर्च प्रपोजल की पीपीटी प्रेजेंटेशन, सभी प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति (2 सेट).

पार्ट टाइम पीएचडी के लिए इंटरव्यू की तिथि

सोशल वर्क	10 अक्टूबर	दोपहर दो बजे
पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन	10 अक्टूबर	सुबह 11 बजे
वेस्टर्न हिस्ट्री	11 अक्टूबर	सुबह 11 बजे
साइकोलाजी	12 अक्टूबर	सुबह 10 बजे
फिजिक्स	13 अक्टूबर	सुबह नौ बजे
कामर्स और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन	14 अक्टूबर	सुबह 10 बजे
एप्लाइड इकोनामिक्स	15 अक्टूबर	सुबह 10 बजे
ला	16 अक्टूबर	दोपहर एक बजे
अंग्रेजी	20 अक्टूबर	सुबह 10 बजे

फुल टाइम के लिए इंटरव्यू डेट

10 अक्टूबर
● जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
● सोशलवर्क
● जियोलाजी

10 से 13 अक्टूबर
● कामर्स

10 से 15 अक्टूबर
● लॉ

11 अक्टूबर
● साइकोलाजी

11 से 13 अक्टूबर
● सोशियोलाजी

11 से 14 अक्टूबर
● मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री

12-13 अक्टूबर
● एआईएच एंड आर्कियोलाजी

12 अक्टूबर
● लिंग्विस्टिक्स-फिलासफी
● केमिस्ट्री, फिजिक्स, स्टैटिस्टिक्स

13 अक्टूबर
● पर्शियन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
● उर्दू
● बायोकेमिस्ट्री

14 अक्टूबर
● एंथ्रोपोलाजी
● हिन्दी
● फिजिकल एजुकेशन
● एप्लाइड इकोनामिक्स
● मैथमेटिक्स

14 से 15 अक्टूबर
● इकोनामिक्स
● जूलाजी

14 से 17 अक्टूबर
● एजुकेशन

15 अक्टूबर
● फ्रेंच
● ओरियंटल संस्कृत डिफेंस स्टडीज
● होम साइंस
● वेस्टर्न हिस्ट्री

15 से 19 अक्टूबर
● पालिटिकल साइंस

17 अक्टूबर
● जियोग्राफी
● संस्कृत

17-18 अक्टूबर
● पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

17 से 19 अक्टूबर
● अंग्रेजी

18-19 अक्टूबर
● बाटनी

VoL PAGE 3

पीजी में दाखिले के लिए अभिलेखों की जांच

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के नौ परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन शनिवार को हुआ। सुबह 10 बजे से अभ्यर्थी संबंधित विभागों में अभिलेखों के साथ पहुंचने लगे। सत्यापन के लिए शिक्षकों की टीम भी मौके पर मौजूद रही। अरेबिक, एमए-एमससी योग, अरब कल्चर सहित अन्य विभागों में प्रवेश के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों ने प्रमाण पत्र चेक करवाकर प्रक्रिया पूरी कराई। (जासं)

लविवि में 11 तक होगी पीजी की काउंसलिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आठ विषयों की काउंसलिंग शनिवार से शुरू हो गयी है। यह काउंसलिंग 11 अक्टूबर तक चलेगी।

इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जा रहे है। जिनका नाम कम्पलीट मेरिट लिस्ट में है। उनकी प्राथमिकता के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का विकल्प भरने (च्वाइंस फिलिंग) होंगे। फिलहाल एजुकेशन, इंग्लिश, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन, सोशलॉजी, एलएलबी, एमकॉम कामर्स और बोटनी और माइक्रोबायोलॉजी की काउंसलिंग शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में उन्ही अभ्यर्थियों को अनुमति है जिनका नाम और रैंक कम्प्लीट मेरिट लिस्ट में है। काउंसलिंग में सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को पूर्व में दिये गये लॉगिन का प्रयोग कर के पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। पंजीकरण शुल्क दो रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे। अभ्यर्थी जितनी बार चाहे अपना विकल्प बदल सकते हैं लेकिन विकल्प लॉक करने के बाद कोई बदलाव नहीं हो पायेगा।

10 अक्टूबर से शुरू होंगे पीएचडी के साक्षात्कार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शनिवार को पीएचडी पार्ट टाईम और फुल टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए साक्षात्कार (इंटरव